# डीएम के जनता दरबार में पहुंचे ४५ फरियादी



**बेगूसराय (आससे)।** आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनने तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय स्थित जिला पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी, बेगूसराय श्री रिची पांडेय ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान जनता दरबार में कुल ४५ आवेदन प्राप्त हुए। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, भूमि परिमार्जन, रास्ते से संबंधित समस्याएं, अतिक्रमण, आधार कार्ड निर्माण एवं उसमें सुधार, पेंशन, थाना से संबंधित मामले सहित विभिन्न व्यक्तिगत एवं जनहित से जुड़े मुद्दे सामने आए। जिला पदाधिकारी ने एक-एक कर सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को मामलों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए।

## ई-रिक्शा-टेम्पो की टक्कर में महिला घायल

**वीरपुर(आससे)।** परां में बीबीएस पथ पर गुरुवार की सुबह एक ई रिक्शा व टेम्पो टकरा गई। इस घटना में टेम्पो पर सवार एक महिला गीता देवी का एक हाथ कट कर अलग हो गया। महिला को इलाज हेतु बेगूसराय भेजा गया।

जानकारी के अनुसार, वीरपुर निवासी उक्त महिला इलाज कराने टेम्पो से बेगूसराय जा रही थी। इसी दौरान बेगूसराय की तरफ से आ रही ई रिक्शा ने टेम्पो में टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने महिला को इलाज हेतु भेजा। सूचना मिलने पर डायल ११२ की टीम पहुंची। पुलिस ने ई रिक्शा जब्त कर थाना लाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बैंकर्स की बैठक में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग करने का लिया गया निर्णय




**बरौनी(आससे)।** बरौनी प्रखंड के नीरज सभागार में शुक्रवार को प्रखण्ड स्तरीय बैंकर कमिटी की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता बरौनी बीडीओ अनुरंजन कुमार ने की।

बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक बेगूसराय प्रशांत कुमार मिश्रा, डॉ मिथिलेश कुमार,प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी बरौनी आयुष सिंह ,बीएओ मुन्ना कुमार ,कनीय अभियंता विद्युत आपूर्ति शाखा बरौनी (ग्रामीण) सहित प्रखण्ड अंतर्गत सभी बैंक के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे। बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में लोन, पशुपालकों को केवाईसी का लाभ, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, पीएम स्वनिधि आदि लाभ इच्छुक और जागरूक योजनाओं की समीक्षा की गई। निर्णय लिया गया कि इन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को दिया जाएगा।

## जिला युवा उत्सव में रहा सुलोचना सामाजिक संस्थान के कलाकारों का दबदबा



**बेगूसराय(आससे)।** जिला स्तरीय युवा उत्सव में सुलोचना सामाजिक संस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सामूहिक लोक नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ ही संस्थान का चयन अब राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए हो गया है। संस्थान की टीम ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीत लिया। विजेता टीम में शामिल कलाकार नृत्य प्रस्तुति में श्रेयश कुमार, शिवानी कुमारी, दीपिका कुमारी, छोटी कुमारी और अभिनाश कुमार ने शानदार समन्वय के साथ नृत्य किया, वहीं गायन में रिया झा, नीलेश कुमार, बिट्टू कुमार और सुबोध कुमार ने अपनी मधुर आवाज से प्रस्तुति में चार चाँद लगा दिए। संस्था का सचिव रवींद्र मनोहर ने टीम के सभी कलाकारों को बधाई देते हुए कहा कि संस्था निरंतर इसी तरह नृत्य के क्षेत्र में निरंतरआगे बढ़ती रहेगी और संस्था के संरक्षक इन्द्र मोहन प्रसाद ने सभी सदस्यों को इस उपलब्धि के लिए ढेर सारी बधाई दी।

# ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल में सुरक्षित बचपन कार्यक्रम सम्पन्न




**बेगूसराय (आससे)।** सदर प्रखंड के पन्हास स्थित ग्रीन वैली स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में नालस के निर्देश पर सुरक्षित बचपन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। इससे पूर्व मेजवान विद्यालय के प्राचार्य राजा कुमार के द्वारा कार्यक्रम में भाग लेने आये न्यायिक अधिकारियों को गुलदस्ता व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव न्यायाधीश करुणानिधि आर्य ने बच्चों को सुरक्षित बचपन अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि अव्यवहारिक एवं असुरक्षित गतिविधियों से खुद को बचाना है, उसके लिए आप सबों को जागरूक होने की जरूरत है। किसी भी प्रकार की अव्यवहारिक गतिविधि की आशंका होने पर चाइल्ड हेल्प केयर नंबर १०९८ पर सूचना दे सकते हैं। अपने बचपन को सुरक्षित रखने में जंक फूड एवं फास्ट फूड से दूरी बनाना है। वहीं अपने संबोधन में न्यायायिक दंडाधिकारी सत्यप्रकाश ने कहा कि गलत और सही स्पर्श को समझना होगा, यदि कोई अव्यवहारिक और असहज करने वाली गतिविधि की आशंका होती है तो तुरंत अपने अभिभावकों को सूचित करना है। बाल विवाह एवं बाल श्रम को खत्म करने में योगदान देना है।

अपने से बड़ों को सम्मान करना और छोटों को स्नेह देना है। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शैलेश कुमार ने सभी अतिथियों एवं विद्यालय परिवार के प्रति आभार प्रकट हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों में जागरूकता बढ़ती है साथ ही बच्चे सतर्क और सक्रिय रहते हैं। कार्यक्रम में सभी स्कूली बच्चे, शिक्षक एवं विद्यालय सहकर्मी उपस्थित रहें।

## घटिया खाद्यान्न आपूर्ति के खिलाफ डीलरों ने एचएफसी के खिलाफ खोला मोर्चा

**छौड़ाही (आससे)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित एचएफसी गोदाम से घटिया चावल आवंटन का मामला सामने आया है। घटिया चावल मिलने से जन वितरण प्रणाली के डीलरों में भारी आक्रोश है और लाभुकों को परेशानी हो रही है। डीलर संतोष यादव और मनोरंजन पोद्दार ने पत्रकारों को बताया कि पिछले करीब चार आवंटन (लहट) से लगातार घटिया चावल दिया जा रहा है। चावल में कंकड़, टुकड़ा और बदबू की शिकायत है, जिसे लाभुक लेने से इनकार कर रहे हैं। घटिया चावल को लेकर लाभुक डीलरों से ही गाली-गलौज कर रहे हैं, जबकि इसमें डीलरों की कोई गलती नहीं है। इस संबंध में सहायक गोदाम प्रबंधक निभा कुमारी ने दूरभाष पर बताया कि इसमें हमारी क्या गलती है, विभाग से जो चावल आता है, हम वही वितरण कराते हैं।

## जनता दल की २३वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मना

**बेगूसराय (आससे)।** जनता दल यूनाइटेड के २३वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर बेगूसराय जिला जनता दल यूनाइटेड की ओर से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री आदरणीय नीतीश कुमार सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ अभिभावकों, के साथ नेताओं एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएँ एवं अभिनंदन प्रेषित किया गया। जनता दल यूनाइटेड का गौरवशाली सफर सामाजिक न्याय, सुशासन, विकास और जनसेवा के संकल्प का प्रतीक रहा है। आदरणीय श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पार्टी ने बिहार के विकास, सामाजिक सद्भाव और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी भूमिका निभाई है। इस अवसर पर जदयू बेगूसराय जिलाध्यक्ष नंदलाल राय ने सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती, आपसी एकता और जनसेवा के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।

# 'समाज से पाखंड को खत्म करना ही स्वामी दयानंद के प्रति होगी सच्ची श्रद्धांजलि'

**बरौनी (आससे)।** आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की १४३वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को बारों गढ़हरा में मनाया गया। लोगों ने देव यज्ञ किया।

इस मौके पर शिवजी आर्य, संतोष आर्य, गोविंद आर्य, भूपेंद्र आर्य,रविन्द्र आर्य, अशोक प्रसाद,प्रेम आर्यन, सुशील राणा, नमिता देवी आदि ने कहा कि स्वामी दयानंद महान समाज सुधारक, वेदों के प्रचारक एवं आधुनिक भारत के नवजागरण के प्रमुख विचारकों में से एक थे।


उन्होंने अंधविश्वास, सामाजिक कुरीतियों और जातिगत भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई तथा शिक्षा, समानता और महिला उत्थान का संदेश दिया। लोगों ने कहा कि समाज और देश से पाखंड,आडंबर को खत्म करने और वैज्ञानिक सोच से आगे बढ़ने की प्रेरणा को बढ़ावा देना ही इनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## कीचड़ युक्त सड़क दे रहे हादसे की दावत

**बरौनी (आससे)।** बरौनी नगर परिषद के वार्ड संख्या-२० गंज में इमली घाट से रेलवे गुमटी संख्या-८ तक जाने वाली सड़क इन दिनों लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन को लेकर सड़क पर डाली गई मिट्टी बारिश पड़ने से गीला हो गया। अब राहगीरों और बाइक चालकों के लिए खतरे का कारण बनती जा रही है। सड़क पर फैली गीली मिट्टी के कारण बाइक चालक फिसलकर गिर रहे हैं।

वहीं, आम लोगों को भी आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद बरौनी के मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद और वार्ड पार्षद से लेकर तेघड़ा विधानसभा के वर्तमान विधायक रजनीश कुमार से लोग इस ओर पहल करने की मांग की है। लोगों ने नगर परिषद प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग किया है कि छठ महापर्व से पहले इस सड़क का तत्काल पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं और आम राहगीरों को किसी अनहोनी का सामना न करना पड़े।

# राजद नेताओं ने दरभंगा स्नातक-पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की जीत को सामाजिक न्याय की जीत बताया



**बेगूसराय (आससे)।** दरभंगा स्नातक क्षेत्र से राजद उम्मीदवार अनिल कुमार झा एवं पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ० संजीव कुमार की जीत को राजद ने नेताओं ने सामाजिक न्याय की जीत बताते हुए विजयी दोनों नेताओं को बधाई है।

बधाई देने वालों में जिला राजद अध्यक्ष मोहित यादव महानगर जिला अध्यक्ष शिवजी महतो, जिला प्रवक्ता श्याम प्रसाद दास, सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व मुखिया अशोक सिंह, राजद नेता कामदेव यादव, राजद नेता प्रोफेसर ब्रजनंदन यादव, राजद नेता मोहम्मद जाहिद अफसर, व्यवसायिक प्रकोष्ठ बूटन साह, किसान सेल जिला अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार सिंह उर्फ पिंटू श्रमिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रामानंद प्रसाद कवि, जिला उपाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष हरे राम महतो, जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव, महानगर महिला राजद अध्यक्ष रीना जसवाल, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुमन पासवान ,शिक्षक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मोहम्मद मासूम खान प्रखंड अध्यक्ष जियाउर रहमान, प्रखंड अध्यक्ष कैलाश यादव, गंगा राम महतो, शाम्हो अध्यक्ष नित्यानंद यादव, शिवकुमार यादव, प्रभु यादव, जय कांत यादव, दीपक आजाद, गुड्डू खलीफा, प्रखंड अध्यक्ष सहजानंद यादव,जिला महासचिव अर्जुन यादव, प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अफरोज, महिला नेत्री सावित्री कुशवाहा, ब्यूटी सिंह, अनुराग सिंह, बैजू पासवान ,सुनील यादव ,रणधीर वर्मा ,अब्दुल जब्बार, सतीश कुशवाहा, प्रेमलता यादव, बिणा झा ,संजय सुमन मुखिया जी, शशि कुशवाहा ,अरविंद यादव पूर्व प्रमुख ,महानगर जिला उपाध्यक्ष महावीर यादव, युवा नेता राम उदित यादव, नीतीश कुमार, अधिवक्ता अमित यादव, अधिवक्ता संतोष यादव, अधिवक्ता विकास पासवान, युवा प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव, महासचिव सुरेंद्र पासवान,अरुण यादव ,महासचिव सरस्वती चंद्र ठाकुर, प्रभु चंद्रवंशी, सुबोध कुमार चंद्रवंशी, शंभू महतो, राजदीप कुमार ऊर्फ मुकुल सरदार ,मोहम्मद तबरेज आलम, सिकंदर अली, मदन चौधरी, विजय सिंह कुशवाहा, रजनीश यादव, चेतन वर्मा, मनोज यादव, राजेश रजक। इत्यादि सैकड़ो साथियों ने जीत पर अपने नेता माननीय लालू प्रसाद यादव एवं तेजस्वी यादव को बधाई दिए हैं।

# आयुर्वेदिक कॉलेज में ६ दिनों तक चलने वाली 'शिशिक्षा' कार्यक्रम शुरू




**बेगूसराय (आससे)।** यहां के पानी में आयरन एवं क्लोरीन की मात्रा ज्यादा है, इसलिए यहां बेगूसराय और आसपास के इलाकों में फैटी लीवर के रोगियों की संख्या ज्यादा पाई जा रही है। सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार आज राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय सह चिकित्सालय में आयोजित 'शिशिक्षा' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय चिकित्सा केंद्रीय आयोग के निर्देश पर राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय सह चिकित्सालय में अंतिम वर्ष की परीक्षा दे चुके छात्रों के बीच किया गया था। यह कार्यक्रम ६ दिनों तक चलेगा। सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं छात्रों के समूह को संबोधित करते हुए ६ दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का उद्घाटन किया। समारोह को कोऑर्डिनेटर डॉक्टर मुन्ना कुमार ने अपने संबोध में छात्रों को अपना व्यक्तित्व सरल रखने की सलाह दी। इसके पूर्व आगत अतिथियों ने भगवान धनवंतरि के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्राचार्य डॉक्टर श्रीनिवास त्रिपाठी ने सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार को शॉल एवं पुष्प कुछ समर्पित कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर उपाधीक्षक डॉक्टर दिलीप कुमार वर्मा, डॉक्टर जीपी शुक्ला, डॉक्टर अखिलेश कुमार जयसवाल, डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह, डॉक्टर रामनंदन सहनी, डॉक्टर प्रमोद कुमार, डॉक्टर नंद कुमार साहनी, डॉ. विजेंद्र कुमार, डॉक्टर इंदु कुमारी, डॉक्टर संतोष कुमार सिंह, डॉ. अनिल कुमार, डॉक्टर सुशांत कुमार डॉ. अमलेश कुमार,आदि ने समारोह को संबोधित किया ६ दिन के इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम में उद्घाटन सत्र के बाद डॉ. मुन्ना कुमार ने कोड ऑफ कंडक्ट और हॉस्पिटल ड्यूटी प्रोटोकॉल पर अपना व्याख्यान दिया।

## बरौनी रिफाइनरी के तत्वावधान में सतर्कता को ले नाटक प्रस्तुत किया गया

**बेगूसराय (आससे)।** बरौनी रिफाइनरी के तत्वावधान में 'द फैक्ट रंग मंडल के कलाकारों के द्वारा सर्तकता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर चंदन कुमार सोनू द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक सत्यनिष्ठा से समश्छि की ओर नुक्कड़ नाटक का सफलतापूर्वक मंचन किया गया स इसमें बेगूसराय के लोकप्रिय कलाकार कुणाल भारती, सिकंदर कुमार, विकास कुमार, सचिन कुमार, कविता कुमारी, सोनी कुमारी, संगीत में मिथुन कुमार, वाद्य यंत्र पर नंदकिशोर मालाकार, रमणचंद्र वर्मा सफल अभिनय कर रहे थे। इस स्थान पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई बरौनी रिफाइनरी गेट नंबर १, राजकीय मध्य विद्यालय बारों, सी आई एस एफ बरौनी रिफाइनरी, केंद्रीय विद्यालय आई. ओ.सी. बेगूसराय, रिफाइनरी टाउनशिप शॉपिंग परिसर, पॉलिटेक्निक कॉलेज बेगूसराय सतर्कता जागरूकता सप्ताह का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक नुक्कड़ नाटक एवं गीतों के माध्यम से ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नैतिक आचरण पर विस्तार पूर्वक से जानकारी दी गई। भ्रष्टाचार मुक्त समाज एवं सशक्त राष्ट्र निर्माण में व्यक्तिगत सत्यनिष्ठा की भूमिका समझाई गई। कलाकारों ने अपने गीत संगीत एवं अभिनय से दर्शकों को जागरूक किया। अतिथियों एवं दर्शकों ने भ्रष्टाचार से मुक्त राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग देने के लिए शपथ ग्रहण किया। समाज एवं देश के विकास की दिशा में सत्य निष्ठा से समश्छि से कार्य करते रहेंगे। जिसमें उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने ताली बजाकर कलाकारों का उत्साह वर्धन किया।

## मंझौल में अवैध वसूली रोकने की मांग को ले ऑटो-टोटो चालकों ने जिला प्रशासन को दिया अल्टीमेटम

**बेगूसराय(आससे)।** मंझौल अनुमंडल क्षेत्र में ऑटो-टोटो चालकों से कथित अवैध वसूली किए जाने के विरोध में ऑटो-टोटो चालक संघ ने आंदोलन की चेतावनी दी है। इस संबंध में संघ की ओर से जिला पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय एवं थानाध्यक्ष, मंझौल को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। संघ ने घोषणा की है कि आगामी २० नवंबर को सुबह १० बजे अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि मंझौल अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर ऑटो-टोटो चालकों से वाहन पड़ाव एवं अन्य कारणों के नाम पर मनमाने ढंग से राशि की वसूली की जा रही है।

# वर्गीकृत

### NAME CHANGE

I hitherto known as MD SAHJAD S/O MD ISHA R/O Baghant, PO-Baghant, Dist-Darbhanga, Bihar-847422 have changed my name and shall hereafter be known as MD SHAHZAD. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

### शपथ पत्र

मैं, कावो देवी पति फूलिन राम ग्राम लक्ष्मीनिया वार्ड नं 10 पंचायत घोड़दौड़ पो.पहाड़पुर थाना बनमा ईटहरी जिला सहरसा शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मेरे आधार में मेरा नाम कावो देवी पति फूलिन राम है, जबकि घोड़दौड़ स्थित एसबीआई में मेरे खाता 32459860762 में मेरा नाम पाबो देवी पति फूलिन देवी दर्ज हो गया है। मैं अपने आधार में दर्ज सही नाम के अनुसार बैंक खाता में दर्ज करने हेतु शपथ पत्र बनाया हूं। शपथ पत्र सं. 1673 दि. 24.10.26

### शपथ पत्र

मैं, रोहित कुमार यादव (ROHIT KUMAR YADAV) उर्फ शत्रुघ्न कुमार (SHATRUGHAN KUMAR) उम्र करीब 34 वर्ष पुत्र दशरथ यादव जन्म तिथि 7-7-1992, निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर देवरिया टेकनवास रिविलगंज जिला सारण बिहार शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे आधार कार्ड नं.-724089832852 एवं पैन कार्ड तथा वोटर कार्ड में मेरा नाम शत्रुघ्न कुमार (SHATRUGHAN KUMAR) तथा जन्म तिथि 26.01.1988 दर्ज है। जबकि ग्राम पंचायत टेकनवास के अधिकृत पदाधिकारी द्वारा दिनांक 8.10.2026 को निर्गत किये गये जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम रोहित कुमार यादव (ROHIT KUMAR YADAV) तथा मेरा जन्म तिथि 7-7-1992 दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम मेरा है. जन्म प्रमाण पत्र में दिये गये विवरण के अनुसार सभी प्रमाण पत्रों में सुधार के लिए यह शपथ पत्र है. 2313/30-10-26

9/506/26

### शपथ पत्र

मैं, J.C. 355976H Rank NB SUB (ORL) अमरनाथ राय उम्र 57 वर्ष पिता स्व.सुभाग राय ग्राम पहिंया पो.वो थाना रिविलगंज जिला सारण बिहार 841305, शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरे सर्विस बुक मे मेरी पुत्री Anjali Kumari जन्म तिथि 18-04-2000, Rajnandani Kumari जन्म तिथि 10-01-2006 एवं पुत्र Shivam Kumar जन्मतिथि 29-01-2008, Adarsh Kumar जन्म तिथि 03-01-2014 दर्ज है, जो गलत है, जबकि मेरे पुत्र एवं पुत्री का सही जन्म तिथि-Anjali Kumari जन्म तिथि 2-1-2000, Rajnandani Kumari जन्म तिथि 20-01-2009 एवं पुत्र Shivam Kumar जन्म तिथि 29-07-2012, Adarsh Kumar जन्म तिथि 3-2-2017 हैं, जो उसके आधार कार्ड में दर्ज हैं, मेरे सर्विस बुक में सही जन्म तिथि सुधारने के लिए यह शपथ पत्र है, शपथ पत्र संख्या-2291/28-10-26

/506/26

### पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

**प्रबंधक**

### Affidavit

I, Sister Francis Xavier C/o Selma R/o Near Tripolia Hospital Gulzarbagh P.S.-Alamganj Distt.-Patna vide Affidavit No. 7538 date 30.10.26 declare that Sister Francis Xavier and Sister Xavier both name are same and one person. Now I will be known as Sister Francis Xavier for all purposes.

**CM-6973**

### शपथ पत्र

मैं, Sister Framcis Xavier C/o Selma निवास त्रिपोलिया हॉस्पीटल के नजदीक, गुलजारबाग थाना-आलमगंज जिला-पटना शपथ पत्र सं. 7538 ता. 30.10.26 द्वारा यह घोषणा करती हूं कि Sister Francis Xavier और Sister Xavier दोनों नाम मेरा ही है। अब मैं सभी कार्यों के लिए Sister Francis Xavier के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊंगी।

### NAME CHANGE

I, GUDIA KUMARI D/o RAJARAM VERMA W/o ANKIT KUMAR, R/o Madhura West Ward No 14, Narpatganj, PO: Narpatganj, DIST: Araria, Bihar - 854335, have changed my name and shall hereafter be known as KUMARI PUJA.

### NAME CHANGE

I, VIKAS KUMAR YADAV alias VIKAS KUMAR S/o BIRENDRA NATH YADAV, R/o Chatara, Akhatwara, Anchal Gaura Bauram, Akhtwara, PO: Kothram, DIST: Darbhanga, Bihar - 847203, have changed my name and shall hereafter be known as VIKAS KUMAR.

### NAME CHANGE

I, RAJEEV RANJAN S/o RAJESHWAR PRASAD , R/o Sriram Nagar korai Post-Deepnagar, Dist. Nalanda, Bihar-803111, have changed the name of my minor daughter TEJASWANI alias TEJASWANI MAURYA, aged 11 years and she shall hereafter be known as TEJASWANI MAURYA.

### CHANGE OF NAME

I,Soraiya Pravin W/o-Mohammad Saulat Hussain, Resident of At+Post-Hussaina, Ps-Ballia,Dist-Begusarai do hereby declare that I have changed my Daughter's name from Old Name Miswah Hussain to new Correct Name Misbah Hussain and henceforth she shall be known as New Correct Name Misbah Hussain in all purpose, vide affidavit no-17579,Dated-28/10/2026.

### नाम परिवर्तन

मैं, अंकिता ठाकुर, पिता-श्री विनोद कुमार, पता-सहरसा गंगजला, पो.+थाना-सहरसा, जिला-सहरसा, पिन कोड-852201, बिहार वर्तमान पता अम्बे श्री अपार्टमेंट, फ्लैट नं.-04, ब्लॉक-सी, देवनगर, रूकनपुरा, पो.-बी.भी. कॉलेज, थाना-रूपसपुर, जिला-पटना-800014 (बिहार) द्वारा घोषणा करती हूं कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरे पिता का नाम गलती से विनोद ठाकुर अंकित हो गया है। परन्तु मेरे आधार सं. 901379653416 में मेरे पिता का नाम (Vinod Kumar) विनोद कुमार सही अंकित है। शपथ पत्र सं. 6315 दिनांक 27.10.2026 के आलोक में मैं अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र में पिता का सही नाम विनोद कुमार (Vinod Kumar) को कराने हेतु प्रकाशन करा रही हूं। यही सभी कार्य में मान्य होगा।

**CM-6975**

### Name Change

I, Ankita Thakur D/o Vinod Kumar R/o Saharsa Gangla P.O.+P.S.-Saharsa, Distt.-Saharsa, Pin No.-852201, Bihar, Present Adress Amby Shree Apartment Flat No.-04, Block-C Devnagar, Rukanpura, P.O.-B.V. College, P.S.-Rupaspur, Patna-800014 (Bihar) Affidavit No.-6315 dated 27.10.2026 declare that my Aadhar No.-901379653416 in my Father correct name Vinod Kumar and my education certificate in my Father name Vinod Thakur is wrong. correct name my father Vinod Kumar. I will be known as Vinod Kumar for all purposes.

**CM-6975**